**फाइल सं. 3/11/9/2015-एन एस डी आई**

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

एन एस डी आई प्रभाग

"स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों की स्थापना/अनुरक्षण करने और एन एस डी आई के प्रतिभागी विभागों/एजेंसियों को स्थानिक आंकड़ा प्रबंधन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विक्रेता के रूप में सूचीबद्ध करवाने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण "

*विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार स्थानिक आंकड़ा/सूचना केन्द्रों की स्थापना/अनुरक्षण के लिए और एन एस डी आई के प्रतिभागी विभागों/एजेंसियों को स्थानिक आंकड़ा प्रबंधन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विक्रेता के रूप में सूचीबद्ध करवाने के लिए मुहरबंद लिफाफा में रूचि की अभिव्यक्ति (ई ओ आई )आमंत्रित करता है।*

**प्रत्याख्यान :**

यह ई ओ आई एन एस डी आई, डी एस टी के कार्यालय द्वारा एक प्रस्ताव अथवा निविदा प्रलेख नहीं है बल्कि यह पात्र इच्छुक पक्षकारों से प्रत्युत्तर प्राप्त करने के लिए एक आमंत्रण है। इस ई ओ आई प्रलेख का प्रयोजन उन इच्छुक सेवा प्रदाताओं को ऐसी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानी है जो इस ई ओ आई के प्रत्युत्तर में अपने प्रस्ताव तैयार करने में उनके लिए उपयोगी हो सकती है।

यह रूचि की अभिव्यक्ति (ई ओ आई ) इच्छुक सेवा प्रदाताओं से आमंत्रित की जाती है ताकि वे राष्ट्रीय स्थानिक आंकड़ा अवसंरचना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के लिए विक्रेता के रूप में सूचीबद्ध करवाने के उद्देश्य से प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत हो सकें। इच्छुक पक्षकार जिनके पास वैध प्राधिकार है और ऐसे कार्य संपादित करने की क्षमता एवं अनुभव भी है, से अनुरोध है कि वे ई ओ आई जिसमें प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा कर लिए जाने , उपलब्ध जनशक्ति और वित्तीय प्राबल्य का उल्लेख हो, के साथ-साथ अवर सचिव, राष्ट्रीय स्थानिक आंकड़ा अवसंरचना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, ईस्ट ब्लॉक 7, लेवल 5, सेक्टर-1, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066 को संबोधित मुहरबंद लिफाफा में सहायक दस्तावेज़ के साथ प्रस्तुत करें और यह 20 सितम्बर 2016 के अपराह्न 15.00 बजे तक अथवा उसके पहले पहुंच जाना चाहिए। ई ओ आई उपर्युक्त पता पर बॉक्स में डाली जा सकती है अथवा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से भेजी जा सकती है ताकि वह उपर्युक्त पता पर उक्त तारीख को अथवा उसके पहले पहुंच सके। डाक द्वारा भेजे जाने पर मार्गस्थ गायब हो जाने अथवा विलंब होने के लिए डी एस टी जिम्मेदार नहीं होगा।

**पृष्ठभूमि :**

भारत विगत वर्षों में क्रमबद्ध स्थलाकृतिक सर्वेक्षण, भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण, मृदा सर्वेक्षण, भू कर सर्वेक्षण, विभिन्न प्राकृतिक संसाधन सूची कार्यक्रम और दूर संवेदी प्रतिबिम्बों के उपयोग के माध्यम से मानचित्र निर्माण का समृद्ध "आधार" तैयार किया है। राष्ट्रीय स्थानिक आंकड़ा अवसंरचना (एन एस डी आई ) में इन मानचित्रों एवं प्रतिबिम्बों को समाविष्ट करने के कार्य को वृहत रूप से स्वीकार किया गया है। इस समय, सूचना पारदर्शिता और साझेदारी पर जोर दिया जा रहा है। अब यह स्वीकार किया गया है कि स्थानिक सूचना एक राष्ट्रीय संसाधन है और नागरिक, सोसायटी, निजी उपक्रम और सरकार को इसे प्राप्त करने का अधिकार है। सामान्य अभिसमयों, तकनीकी करारों, मानकों, वृहत आंकड़ा निर्धारण, नेटवर्क और अभिगम्य नवाचारों का अनुपालन किया जाना होता है ताकि सभी को प्रभावी एवं कुशल अभिगम्यता सुलभ हो सके। इस प्रयोजनार्थ, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की एन एस डी आई पहल के अंतर्गत एक सामान्य माध्यम- दी इंडिया जियो पोर्टल (www.nsdiindia .gov.in )बनाया गया है। भू स्थानिक समुदाय द्वारा उपर्युक्त अभिगम्यता एवं उपयोग को सुविधागत बनाने के लिए दी इंडिया जियो पोर्टल का सतत अनुरक्षण एवं संवर्द्धन करना होता है। इस प्रकार इच्छुक पक्षकारों से अनुरोध है कि वे इस संबंध में इस प्रस्ताव के साथ आएं कि वे अपने उद्देश्य की पूर्ति में एनएस डी आई को किस प्रकार सहायता कर सकते हैं।

**तकनीकी विनिर्देशन :**

सेवा प्रदाता को स्टेकहोल्डर संगठन अथवा उनके प्रतिनिधि, यदि कोई हो, द्वारा उपलब्ध कराए गए स्थल पर संपादित किए जाने वाले निम्नलिखित कार्य की क्षमता एवं अनुभव होना चाहिए :

1. इस प्रयोजनार्थ गठित समिति के पर्यवेक्षण में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेवा मानकों के अनुसार पारंपरिक आंकड़ों से वृहत आंकड़ा सृजन
2. स्टेकहोल्डर संगठन केन्द्रों से इंडिया जिओ पोर्टल में अनुसूचित वृहत आंकड़ा संग्रहण/एकत्रण
3. स्टेकहोल्डर संगठनो के पारंपरिक आंकड़ों से ओ जी सी/आई एस ओ/ बी आई एस मानक आधारित अंतर्प्रचालनीय वेब सेवाओं का निर्माण एवं अनुरक्षण
4. स्टेकहोल्डर संगठनो के पारंपरिक आंकड़ों से उद्येश्योन्मुख आंकड़ा विश्लेषण, यू एम एल आधारित डाटाबेस डिजाइन एवं स्थानिक आर डी बी एम एस का निर्माण।
5. स्टेकहोल्डर संगठनों के एन एस डी आई केन्द्र में संस्थापित हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों का अनुरक्षण एवं उन्नयन
6. सभी प्रकार की सुरक्षा अपेक्षाओं सहित नेटवर्क संपर्कता से संबंधित उपकरणों का संस्थापन एवं अनुरक्षण

7. स्टेकहोल्डर विभागों के लिए मानक आधारित वेब सेवाएं यथा डब्ल्यू एम एस, डब्ल्यू एफ एस, डब्ल्यू सी एस, सी एस-डब्ल्यू और डब्ल्यू पी एस आदि संचालित करने के लिए पोर्टल का निर्माण और देश के कानून के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा वेबसाइट/पोर्टल को प्रमाणित करवाना।

8. इस प्रयोजनार्थ अधिसूचित समिति की संतुष्टि तक एन एस डी आई वेब रजिस्ट्री के लिए मानक आधारित नवाचार संबंधी स्टेकहोल्डर विभाग के लिए सेवा का निर्माण एवं संचालन।

इस ई ओ आई के संबंध में कोई अनुवर्ती जानकारी/स्पष्टीकरण ई-मेल (Nirmalendu.kumar@nic.in ) का उपयोग कर श्री निर्मलेन्दु कुमार, हार्डवेयर इंजीनियर, राष्ट्रीय स्थानिक आंकड़ा अवसंरचना (एन एस डी आई ), इस्ट ब्लॉक-7, लेवल-5, सेक्टर-1, आर.के.पुरम, नई दिल्ली से मांगा जा सकता है।

(तपन कुमार सरकार )
अवर सचिव, एन एस डी आई
दूरभाष-01126182973